सार-समाचार

ललित कुमार तकनीकी अधिकारी नियुक्त

जालोर, (कासं)। भीनमाल के रोपसी में कार्यरत शारीरिक शिक्षक ललित कुमार को खेलो इण्डिया राष्ट्रीय वूशु प्रतियोगिता में तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला वूशु संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा व अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने बताया कि ललित कुमार रोपसी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बतौर शारीरिक शिक्षक कार्यरत हैं। विगत कई वर्षों से वूशु खेल में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। अभी ये अपनी सेवाएं गुजरात की राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी में 2 से 7 अप्रैल तक आयोजित होने वाली अस्मिता खेलो इण्डिया राष्ट्रीय महिला वूशु प्रतियोगिता में तकनीकी अधिकारी के रूप में देंगे।ललित कुमार के राष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी नियुक्त होने पर राजस्थान वूशु संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया, अंतर्राष्ट्रीय वूशु कोच राजेश कुमार टेलर,महासचिव ममता वर्मा सहित वूशु खेल प्रेमियों ने खुशी जताते हुए बधाई दी है।

ललित कुमार

भारतीय किसान संघ की बैठक आयोजित

रेवदर, (निसं)। रेवदर भारतीय किसान संघ पाली संभाग कि बैठक किसान संघ प्रान्त उपाध्यक्ष सोमाराम चोधरी के फार्म हाउस जालमपुरा (धुडीया)पर आयोजित हुई बैठक भारतीय किसान संघ प्रदेश महामंत्री तुलाराम सीयोर के अतिथि में वह प्रदेश उपाध्यक्ष विनोदजी धारणीया प्रान्त अध्यक्ष माणकराम परिहार प्रान्त महामंत्री विजय सिंह घिटाला के सानिध्य में आयोजित हुई बैठक को प्रदेश महामंत्री तुलाराम सियोर ने संबोधित करते हुए बताया कि भारतीय किसान संघ संभाग पाली का अभ्यास वर्ग 22 से 23 अप्रैल को जालोर के सुंधामाता में आयोजित होगा जो अपेक्षित पदाधिकारी व कार्यकर्ता है व 21 अप्रैल को शाम को ही सुंधा माता पहुंचे जिसमें संभाग कार्यकारिणी जिला कार्यकारिणी व संभाग में निवास करने वाले प्रांत व प्रदेश के पदाधिकारी भाग लेंगे जिसको लेकर व्यवस्था कि जिम्मेदारी दी गई दो दिवसीय का कार्यक्रम होगा। बैठक में भारतीय किसान के प्रान्त उपाध्यक्ष सोमाराम चोधरी प्रान्त बिज प्रमुख नाथूराम लुहार संभाग अध्यक्ष मोडाराम पटेल संभाग मंत्री सुजान सिंह वडवज प्रान्त कार्यालय प्रमुख गोवर्धन राम सिहाग प्रान्त युवा प्रमुख खिमसिह जालोर कैलाशजी संभाग उपाध्यक्ष परबतसिह राजपुरोहित नरपतसिंह ओवलोज गणेशाराम चोधरी प्रान्त कोषाध्यक्ष गणपतलाल संभाग सदस्य राणसिह देवल हरजीराम चोधरी साचोर जिला मंत्री सवाराम पुरोहित प्रान्त जिवाराम चौधरी, हरीराम जालोर जिला अध्यक्ष रतन सिंह कोलीवाडा पाली जिला अध्यक्ष जोधाराम पटेल साचोर जिला अध्यक्ष छोगाराम पटेल सिरोही जिला उपाध्यक्ष गणपतसिहं देवडा डागराली जिला मंत्री उत्तमसिह राठौड सहित प्रमुख कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

जोगेश्वर गर्ग ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

जालोर, (कासं)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णण को पत्र लिखकर दक्षिण भारत से पश्चिमी राजस्थान के लिए प्रारंभ की गई तीन नवीन समर स्पेशलों का संचालन किये जाने पर उनका बहुत-बहुत आभार जताया है। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने पत्र के माध्यम से जालोर एवं पश्चिमी राजस्थान के निवासियों की लम्बे समय से चली आ रही दक्षिण भारत से पश्चिमी राजस्थान के लिए ट्रेने प्रारंभ करने की मांग के मद्देनजर चैन्नई से जोधपुर वाया जालोर, कोयंबटूर से भगत की कोठी वाया जालोर, इरोड (तमिलनाडु) से बाड़मेर वाया जालोर प्रारंभ की गई तीनों समर स्पेशन ट्रेनों के लिए स्वयं व राजस्थान के निवासियों की ओर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का बहुत-बहुत धन्यवाद व आभार जताया । साथ ही अनुरोध किया कि इन तीनों समर स्पेशन ट्रेनों का नियमित रूप से संचालन करें जिससे यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी।

431 बीमा पॉलिसियों की परिपक्वता राशि

जालोर,(कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे द्वारा बुधवार को कलेक्टर कक्ष में राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग को प्राप्त लक्ष्यानुसार निर्धारित तिथि 31 मार्च, 2025 तक 143 बीमा परिपक्वता स्वत्व के शत-प्रतिशत दावें प्राप्त कर अधिकार पत्र भुगतान के लिए सिंगल क्लिक कर 48 लाख 20 हजार 13 हजार 168 रूपयों की राशि के भुगतान की ऑटो प्रोसेस कार्यवाही की गई। जिसका भुगतान 1 अप्रेल, 2025 के पश्चात् बीमेदारों के खातों में जमा हो जायेगा। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग जालोर की संयुक्त निदेशक सुनीता यादव एवं सहायक निदेशक रतनपुरी के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षक भंवरलाल व जितेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में रघुनाथाराम, संजय कुमार, खुशवन्त चौहान व राजकुमार द्वारा विशेष प्रयास कर इस अभियान के शत-प्रतिशत लक्ष्य को अर्जित किया गया।

जालोर जिले में 4 नवीन राजस्व ग्राम

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर भीनमाल तहसील के मूल राजस्व ग्राम पूनासा में से बालाजी नगर व चारणियों की ढाणी तथा जालोर तहसील के मूल राजस्व ग्राम जालोर बी में से वीरजी नगर व कांकरी को नवीन राजस्व ग्राम घोषित किया हैं। जिला कलैक्टर प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 (1956 का अधिनियम 15) की धारा 16 में निहित प्रावधानों के अनुसरण में राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नवीन राजस्व ग्राम बालाजी नगर का क्षेत्रफल 1337.6000 हैक्टेयर, चारणियों की ढाणी का क्षेत्रफल 342.9900 हैक्टेयर, वीरजी नगर का क्षेत्रफल 1162.5715 हैक्टेयर एवं कांकरी का क्षेत्रफल 1568.0004 हैक्टेयर रहेगा।

पदम पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

जालोर, (कासं)। भारत सरकार के गृह मंत्रालय की ओर से पद्म पुरस्कार-2026 के लिए राजष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर 15 जुलाई, 2025 तक ऑनलाइन नामांकन/अनुशंषा प्राप्त की जाएगी। अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि हर वर्ष गणतंत्र दिवस पर भारत सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट सेवाओं के सम्मान में पदम पुरस्कार अर्थात् पदम विभूषण, पदम भूषण व पदम श्री प्रदान किए जाते हैं। पदम अवार्ड-2026 के लिए नामांकन/ अनुशंषा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर निर्धारित तिथि 15 जुलाई, 2026 तक केवल ऑनलाइन प्राप्त की जाएगी। उन्होंने बताया कि पदम पुरस्कार के लिए जिले से कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग इत्यादि के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवा देने वाले प्रबुद्धजनों से आवेदन मांगे गए हैं।

कांस्टेबल मालाराम के विरुद्ध कार्रवाई

जालोर , (का.सं.)। जालोर जिले के -सांचौर पुलिस थाने में वर्ष 2022 में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तारी वारंट पर नेहरों की नाडी धनाऊ निवासी मोहनलाल पुत्र चैनाराम जाट को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन गिरफ्तारी के बाद ही सांचौर पुलिस थाने में तैनात कांस्टेबल मालाराम ने पीड़ित के खाते से 1.60 लाख रुपये की राशि दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दी। जिसके बाद में पीड़ित ने एसपी के समक्ष पेश होकर कार्रवाई की गुहार लगाई। जालोर एसपी ज्ञानचंद यादव ने कॉन्स्टेबल को किया सस्पेंड बाड़मेर एसपी के द्वारा जालोर एसपी ज्ञानचंद यादव को पूरे मामलें की जानकारी दी गई। जिसके बाद में एसपी ज्ञानचंद यादव ने कांस्टेबल मालाराम के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करते हुए उसे निलंबित कर दिया है। मामले की जांच सांचौर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आवड़ दान रतनू को सौंपी गई हैं।

मोटेश्वर बालाजी मंदिर में पाठ होगा

पाली, (नि.सं.)। कांग्रेस नेता एवं बजरंगबली के परम भक्त मोटुभाई (देवीदास चन्दनानी) की प्रथम पुण्यतिथि पर सोमनाथ सुंदरकांड पाठ समिति के तत्वावधान में गांधी नगर स्थित मोटेश्वर बालाजी मंदिर में तीन अप्रेल को साँय छः बजे भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन रखा गया है। मोटुभाई की पुण्यतिथि पर उनके निवास पर कई कांग्रेसजन एवं प्रबुद्धजन श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

खेतवास में सॉलिड वेस्ट प्लांट मशीन शुरू, प्रदूषण दूर होगा

पाली, (नि.सं.)। शहर के कचरे का निस्तारण करने के लिए खेतावास में स्थित सॉलिड वेस्ट प्लांट का बुधवार को जिला कलैक्टर एलएन मंत्री ने फीता काट व मशीन का बटन दबाकर शुभारम्भ किया और पुनः ये प्लांट चालू किया गया। उन्होंने इस अवसर पर वेस्ट प्लांट की प्रक्रिया की जानकारी ली एवं प्लांट का निरीक्षण किया।

नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज ने बताया कि 250 टन कचरे निस्तारण का प्लांट बनाया गया था। राज्य सरकार स्तर पर बैठक होने के बाद आज 2 अप्रैल से वापस शुरूआत हुई। यहां पर 100 टन कचरे को प्रतिदिन कम्पोस्ट प्रोडयूस करने की क्षमता है जिससे आरडीएस और कम्पोस्ट खाद बनेगा जो आरडीएस बनेगा उसे सीमेंट फैक्ट्रियों में जाएगा, जिससे ऊर्जा उत्पादन होगा।

उन्होंने बताया कि प्लांट द्वारा कचरे निस्तारण से बनने वाली कम्पोस्ट खाद को विभिन्न सहकारिता संस्थाओं के माध्यम से किसानों को उपलब्ध करवाया जाएगा।

साथ ही खाद की गुणवत्ता जांच करने के लिए लैब व ऑफिस चालू कर दिया गया है। कम्पनी के बकाया बिलों की पूर्ति कर दी गई है।

प्लांट संचालन से शहर के प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी और कचरे के निस्तारण से ऊर्जा व खाद उत्पादन में काम आएगा। इस दौरान नगर निगम के अधिकारी, कार्मिक एवं कम्पनी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

पाली शहर के कचरे का निस्तारण करने के लिए खेतावास में स्थित सॉलिड वेस्ट प्लांट का कलैक्टर एल.एन. मंत्री ने मशीन का बटन दबाकर शुभारंभ कर पुनः ये प्लांट चालू कराया। फोटो-राष्ट्रदूत

वहीं पाली में जिला स्तरीय जनसुनवाई 17 अप्रैल, गुरूवार को प्रातः 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से डीओआईटी कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की जाएगी।

सहायक निदेशक, लोक सेवाएं विमलेन्द्र राणावत ने बताया कि जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए प्रतिमाह त्रिस्तरीय जनसुनवाई माह अप्रैल 2025 के तृतीय गुरूवार, 17 अप्रैल को प्रातः 11 बजे सूचना प्रौद्योगिकी विभाग कलेक्ट्रेट में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

चैन्नई से तीन स्पेशल गाड़ियों का संचालन नौ से, प्रवासियों में खुशी

जालोर, (कासं)।दक्षिण भारत से राजस्थान को जोडने वाली ग्रीष्मकालीन तीन विशेष गाडियों का संचालन होने से प्रवासियो मे हर्ष की लहर है।

श्री आशापुरी माताजी रेल संघर्ष समिति व पैसेन्जर यात्री गाडी संघर्ष समिति जालोर सहित कई संगठन दक्षिण भारत के लिए ट्रैन चलाने की मांग को लेकर प्रयासरत थे। 6157/58 पुरुच्ची थलाइवार डॉ एम जी रामचन्द्रन चेन्नई सेंट्रल भगत की कोठी पुरुच्ची थलाइवार डॉ एम जी रामचन्द्रन चेन्नई सेंट्रल साप्ताहिक विशेष (13-13 फेरे) वाया गुडूर, विजयवाडा, वारंगल, बल्हारशाह, वर्धा, भुसावल, उधना, साबरमती, भीलडी, रानीवाडा भीनमाल मोदरान, जालौर, मोकलसर समदडी, लूणी तथा 06157 विशेष 09 अप्रैल से 02 जुलाई तक , प्रत्येक बुधवार को चेन्नई सेंट्रल से शाम 19.45 बजे रवाना होगी। 6158 विशेष गाडी 12 अप्रैल से 05 जुलाई तक , प्रत्येक शनिवार को भगत की कोठी से प्रातः 05.30 बजे रवाना होंगी। 06181/82 कोयम्बटूर, भगत की कोठी कोयम्बटूर साप्ताहिक विशेष (13-13 फेरे) वाया इरोड, सेलम, रेनिगुंटा, गुति, काचेगुडा, नान्देड, अकोला, भुसावल, सूरत, साबरमती, भीलडी, रानीवाडा, मारवाड भीनमाल, मोदरान, जालौर, मोकलसर,समदडी स्टेशन पर ठहराव होगा06181 विशेष 10 अप्रैल से 03 जुलाई तक , प्रत्येक गुरुवार को कोयम्बटूर से रवाना होगी। 6182 विशेष 13 अप्रैल से 06 जुलाई तक , प्रत्येक रविवार को भगत की कोठी से रवाना होगी।

तीसरी 6097/98 इरोड बाडमेर इरोड साप्ताहिक विशेष वाया शोरणुर, मंगालुरु जंक्शन, कारवार, थिविम, रत्नागिरी, पनवेल, वसई रोड, सूरत, साबरमती, भीलडी, भीनमाल, मोदरान, जालौर, समदडी, बायतु (10-10 फेरे) होगे। 06097 विशेष गाडी08 अप्रैल से 10 जून तक , प्रत्येक मंगलवार को इरोड से प्रातः 06.20 बजे रवाना होगी। वही06098 विशेष गाडी11 अप्रैल से 13 जून तक प्रत्येक शुकवार को बाडमेर से रवाना होगी। उक्त ट्रेन के लिए पैसेन्जर यात्री गाडी संघर्ष समिति के अध्यक्ष हीराचंद भंडारी, जगमाल सिंह राजपुरोहित मोदरान, व माणक भंडारी, मनीष भाई, आशापुरी माताजी रेल संघर्ष समिति के अध्यक्ष रतन सिंह सोढा राजपुरोहित उपाध्यक्ष जगमाल सिंह राजपुरोहित मोदरान आदि लोगों की मांग को देखते हुए तीन जोडी एक साथ ट्रेन समदडी-भीलडी रेल मार्ग पर होकर चलाई जाएगी।

श्रीमाली की पुण्यतिथि व राजस्थान दिवस पर गोष्ठी हुई

जालोर के जिला परिषद् सभागार में रामेश्वर दयाल श्रीमाली की पुण्यतिथि व राजस्थान दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)।अखिल भारतीय साहित्य परिषद जालोर इकाई की ओर से जिला परिषद सभागार में भारतीय नववर्ष, रामेश्वर दयाल श्रीमाली पुण्यतिथि व राजस्थान दिवस, के सुअवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अध्यक्ष अश्विनी श्रीमाली ने बताया कि विचार गोष्ठी में सर्वप्रथम जालोर के विख्यात साहित्यकार स्व. रामेश्वर दयाल श्रीमाली को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज हुआ। इस दौरान मंच पर वरिष्ठ अधिवक्ता व इतिहासकार मधुसूदन व्यास, उद्यमी व नव साहित्यकार मदन राज बोहरा, अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष परमानंद भट्ट मौजूद रहे। सर्वप्रथम राजस्थानी साहित्यकार कृष्णपाल सिंह राखी ने रामेश्वर दयाल श्रीमाली पर अपना पत्र वाचन किया उसके बाद श्रीमाली की पौत्री ने उनकी ही एक रचना पढ़कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसी कडी में शिक्षाविद ओमप्रकाश खंडेलवाल ने नववर्ष की महत्ता व श्रीमाली की जीवन यात्रा व साहित्यिक यात्रा पर प्रकाश डाला। उसके बाद नागरिक बैंक के उपाध्यक्ष ललित दवे ने कहा कि भारतीय नववर्ष ही असल मायनों में नववर्ष है। शिव कुमार दवे ने श्रीमाली के साथ अपने संस्मरण साझा कर उनकी सादगी व जीवन के प्रति उनके नजरिए को सभी के साथ साझा किया। इसी क्रम में वरिष्ठ कर्मचारी नेता नारायण लाल भट्ट ने कहा कि युवा पीढी अगर भारतीय परंपरा से विमुख हो गई तो वो पेड से टूटे हुए पत्ते की तरह दर ब दर हो जाएगी। इसके बाद कार्यक्रम ने मंच की तरह रुख किया। जहां सर्वप्रथम मदन राज बोहरा ने श्रीमाली के साथ अपने किस्से साझा करते हुए भगवान श्री कृष्ण पे अपना लिखा हुआ एक मनहर गीत सुनाया । इसके बाद परमानंद भट्ट ने नववर्ष पर अपनी रचना पढकर सबको हर्ष से भर दिया। आखिर में कार्यक्रम व विषय के मुख्य वक्ता मधुसुदन व्यास ने राजस्थान दिवस, श्रीमाली पर व भारतीय नववर्ष पर गहन व ज्ञानवर्धक चर्चा की। इस अवसर पर बी. एल. सुथार, जानकीलाल नाग, देवेन्द्र नाग, अशोक दवे, ऋषि कुमार दवे समेत कई जने मौजूद रहे।

शांति व्यवस्था के लिए मजिस्ट्रेट नियुक्त

बालोतरा, (नि.सं.)। जिला मजिस्ट्रेट सुशील कुमार यादव ने एक आदेश जारी कर 06 अप्रैल को रामनवमी, 10 अप्रैल को महावीर जयंती एवं 14 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 16 के तहत क्षेत्रवार मजिस्ट्रेट नियुक्त किए है।

जिला मजिस्ट्रेट की ओर से जारी किए आदेश के अनुसार 06 अप्रैल को रामनवमी, 10 अप्रैल को महावीर जयन्ती एवं 14 अप्रैल को हनुमान जयन्ती के अवसर पर उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट बालोतरा को उपखण्ड मुख्यालय बालोतरा, उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट सिवाना को तहसील मुख्यालय सिवाना, उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट सिणधरी को तहसील मुख्यालय सिणधरी, उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट बायतु को तहसील मुख्यालय बायतु, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट बायतु को तहसील मुख्यालय बायतु का शेष क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट पचपदरा को तहसील मुख्यालय पचपदरा और तहसील पचपदरा का शेष क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट गिड़ा को तहसील गिड़ा का संपूर्ण क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट सिवाना को तहसील सिवाना का शेष क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट समदड़ी को तहसील समदड़ी का संपूर्ण क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट सिणधरी को तहसील सिणधरी का शेष क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट कल्याणपुर को तहसील कल्याणपुर का संपूर्ण क्षेत्र, तहसीलदार तहसील कार्यालय पाटोदी को तहसील मुख्यालय पाटोदी क्षेत्र के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुशील कुमार यादव ने बताया कि सभी कार्यपालक मजिस्ट्रेट पर्वों के दौरान क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था की पालना सुनिश्चित करेंगे।

माली समाज जोधपुर के दादा शिवगर स्वामी की 8 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में दादा शिवगर सेवा मण्डली ने वैशाली टाउनशिप सेक्टर ए प्लॉट नं. 206 झंवर रोड़ स्थित उनकी समाधि स्थल पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए। माली समाज के गंगाराम सोलंकी के अनुसार सत्संग समारोह के दौरान कलाकार अशोक प्रजापति एंड टीम बालोतरा ने भजनों की प्रस्तुति दी।

बाल विवाह रोकथाम के लिए नियंत्रण कक्ष

बालोतरा,(नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार अप्रैल-मई, 2025 तथा नवम्बर-दिसम्बर, 2025 में बाल विवाह प्रतिषेध अभियान संचालित किया जा रहा है।

जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने आदेश जारी कर बताया कि अक्षय तृतीया, पीपल पूर्णिमा एवं अन्य अवसरों पर भारी संख्या में बाल-विवाह होने की प्रबल संभावना रहती है। जिले में बाल विवाह की रोकथाम रोकथाम हेतु राउंड-द-क्लॉक (247) जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष (02988-294894) स्थापित कर भू-अभिलेख शाखा के नायब तहसीलदार महेश कुमार दवे (94145-66273) को प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर किया गया है। आदेश अनुसार नियंत्रण कक्ष में एक रजिस्टर संधारित कर प्रतिदिन प्राप्त होने वाली बाल विवाह संबंधी शिकायतों का इन्द्राज कर, उनके समाधान की कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को सूचना प्रेषित की जाएगी। इसके साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालोतरा द्वारा भी 02988-294119 सहायता नंबर जारी किए गए है।

कलक्टर सुशील कुमार यादव ने आमजन से जिले में बाल विवाह की रोकथाम की इस मुहिम में बढ़ चढ़कर जन सहभागिता की अपील की है। उन्होंने कहा कि अपने आस पास बाल विवाह की शिकायत जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष में करें। जिला प्रशासन के द्वारा उचित कार्यवाही की जाएगी। साथ ही शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

समाज सुधार के लिए चर्चा की

रानीवाड़ा कस्बे के सेवाडिया मेला परिसर स्थित नव निर्माणाधीन मेघवाल समाज बालिका छात्रावास में बारह गांव सुणतर पट्टी की एक विशेष बैठक आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

रानीवाड़ा, (नि.सं.)। रानीवाड़ा कस्बे के सेवाडिया मेला परिसर स्थित नव निर्माणाधीन मेघवाल समाज बालिका छात्रावास में बारह गांव सुणतर पट्टी की एक विशेष बैठक आयोजित हुई। इस बैठक का नेतृत्व समाज के पंच पटेलों द्वारा किया गया, जिसमें समाज के अनेक प्रतिष्ठित वक्ताओं ने भाग लिया। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने, बालिका शिक्षा को प्राथमिकता देने और युवाओं को नशे से बचाने के महत्व पर विचार व्यक्त किए।

बैठक में वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि बेटा और बेटी के बीच भेदभाव समाप्त कर उन्हें समान शिक्षा प्रदान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि बालिकाओं को शिक्षित करना न केवल उनके व्यक्तिगत विकास बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

यह संदेश दिया गया कि बालिकाओं को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए शिक्षित करना आवश्यक है। इसके लिए समाज को बालिका शिक्षा के प्रति जागरूक और संवेदनशील होना चाहिए।

समाज ने महिलाओं के सामाजिक स्तर को ऊपर उठाने के लिए ठोस कदम उठाए। बैठक में 12 गांवों, जिनमें आदरवाड़ा, सिगावास, दहीपुर, मैत्रीवाडा, मंडारड़ी, हर्षवाड़ा, कूड़ा, पाल, हीरपुरा, गांग, चिमनगढ़, और जालेरा कलां, ने बालिका छात्रावास निर्माण के लिए 2 लाख 51 हजार रुपये की राशि एकत्र की। यह धनराशि समाज के सहयोग और एकता का प्रतीक है, जो बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य और शिक्षित समाज की नींव रखने की दिशा में अग्रसर है।

बैठक के दौरान समाज के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने और सरकारी नौकरियों में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि नशे से बचकर और आत्म-संयम अपनाकर युवा अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग कर सकते हैं। समाज के सुधार और विकास के लिए ऐसे कदम बेहद आवश्यक हैं।

बैठक में आस-पास के कई गांवों के समाजबंधुओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने इस पहल को अपना समर्थन दिया। इस महत्वपूर्ण बैठक ने समाज सुधार, बालिका शिक्षा और युवाओं की जागरूकता को एक नए आयाम पर ले जाने की प्रेरणा दी। समाज की यह पहल न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी उदाहरण बन सकती है।

बता देते है की समाज सुधार और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में मेघवाल समाज की यह बैठक एक प्रेरणादायक प्रयास है। यह पहल समाज के विकास, महिलाओं की सशक्तता और युवाओं के भविष्य को संवारने के प्रति गंभीरता को दर्शाती है। इस प्रकार के सामूहिक प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होते हैं।

जलदाय विभाग ने मुकदमा दर्ज करवाया, पेनल्टी राशि वसूलने की कार्रवाई जारी

बालोतरा, (निसं)। परियोजना खण्ड बालोतरा के अधिकारियों की अवैध रूप से पाइप लाइनों से पानी चोरी करने वालो के विरूद्ध अभियान के तहत अधिशाषी अभियंता बाबूलाल मीणा के नेतृत्व में परियोजना खण्ड बालोतरा विभाग द्वारा 3 टीमों का गठन कर पंचायत समिति गिडा, पाटोदी एवं बालोतरा क्षेत्र के विभिन्न गांवो में अवैध कनेक्शन एवं अवैध रूप से पानी चोरी बेचान करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही की। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियंता बाबूलाल मीणा ने बताया कि पंचायत समिति गिडा के खरतानियों का तला गांव में मोहन राम सहायक अभियंता के नेतृत्व में कार्यवाही के दौरान 9 लोगो के विरूद्ध कार्यवाही में 9 लोगो के द्वारा अवैध रूप से पानी चोरी कर पानी का दुरूपयोग करते हुए चिन्हित कर उक्त सभी अवैध कनेक्शन को हटाया गया।

जिनमे करणपुरी पुत्र माधापुरी, गजेन्द्र पुरी पुत्र तेजपुरी, माधोपुरी पुत्र जियापुरी, मगपुरी पुत्र वेद पुरी, सुमेरपुरी पुत्र राणपुरी, सोहनपुरी पुत्र प्रेमपुरी, किशनपुरी पुत्र सोहनपुरी (अध्यापक) एवं सवाई पुरी पुत्र गिरधारी पुरी गांव खरतानियों का तला में कार्यवाही की गई। सवाई पुरी पुत्र गिरधारी पुरी एवं अन्य लोगों द्वारा विभागीय टीम का रास्ता रोक कर मारपीट करने की कोशिश की गई, जो राज कार्य में बाधा की श्रेणी में आता है। उपरोक्त सभी के विरूद्ध पुलिस थाना गिडा में मुकदमा दर्ज कराने एवं जुर्माना, पेनल्टी राशि वसूलने की कार्यवाही की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि दुसरी टीम सहायक अभियंता राकेश शर्मा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत रिछोली के गांवो में रहमत खान पुत्र अकु खान, सके खान पुत्र सायर खान, सलीम खान पुत्र सायर खान, खरताराम पुत्र भैराराम, इब्रे खान पुत्र अकबर खान, अकु खान पुत्र सायर खान, दीपाराम पुत्र नवलाराम एवं भ्रमरू खान पुत्र अली खान के विरूद्ध 30 मार्च को दर्ज मुकदमे में पुलिस फोर्स की मौजूदगी में सभी के अवैध जल संबंध हटाए गए एवं पुलिस द्वारा अवैध कनेक्शनों की मौका रिपोर्ट बनाई।

उन्होंने बताया कि तीसरी टीम सहायक अभियंता कन्हैयालाल के नेतृत्व में बालोतरा से आसोतरा के बीच विभागीय पाइप लाइन पर कई ग्रामीणों द्वारा स्थापित अवैध जल संबंधो को हटाने की कार्यवाही की गई। तीनों पंचायत समितियों के विभिन्न गांवो मे पकडे गए/चिन्हित किए गए अवैध जल संबंध कर्ताओं के विरूद्ध राजकीय संपति को नुकसान पंहुचाने, पानी का बहाव अवरूद्ध करने, चोरी-छिपे पानी की चोरी करने एवं आमजन को पीने के पानी से वंचित करने आदि धाराओं के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज करने एवं जुर्माना, पेनल्टी राशि वसूलने की कार्यवाही की जा रही है।

अधिशाषी अभियंता ने बताया कि 31 मार्च को चिन्हित किए गए 15 लोगों को अवैध रूप से पानी चोरी करने के संबंध में 5 लाख 35 हजार 700 रुपए प्रति अवैध कनेक्शन कर्ता से जुर्माना, पेनल्टी राशि वसूली के नोटिस दिए गए। जुर्माना, पेनल्टी राशि जमा नहीं कराने की स्थिति में इनके विरूद्ध पुलिस मुकदमे की कार्यवाही की जाएगी।